Diamond Jubilee Year (2023-24)
GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR
Re-Accredited 'B' by NAAC
Affiliated by M.J.P Rohilkhand University, Bareilly (U.P.)

Admission Process (Session 2024-25)

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश (NEP 2020 अनुसार) हेतु दिशा निर्देश (सत्र 2024-25)

1. स्नातक प्रथम वर्ष में सभी प्रवेश विश्वविद्यालय के नियम व नई शिक्षा नीति के 2020 (NEP 2020) अनुसार सेमेस्टर पद्धति(Semester System) में ही संपन्न किए जाएंगे।
2. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://admission.mjpruiums.in/(S(ogjmorjk3fh3crtnneex0s4x))/Online/Registration_Personal Info.aspx पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसमें अभ्यर्थी को 10 इच्छित महाविद्यालय को चुनना होगा।
3. विश्वविद्यालय पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को महाविद्यालय की वेबसाइट (www.grpgcrampur.com) पर भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है अन्यथा आप के प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
4. अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय आवेदन फॉर्म व महाविद्यालय रजिस्ट्रेशन की रसीद अपने पास ही सुरक्षित रखनी हैं, तथा मेरिट में नाम आने के पश्चात प्रवेश के समय प्रवेश फार्म एवं अन्य सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ जमा करनी होगी।
5. मेरिट लिस्ट (Merit List) महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।मेरिट लिस्ट लिए महाविद्यालय की वेबसाइट/समाचार पत्र/महाविद्यालय नोटिस बोर्ड को निरंतर देखते रहें,किसी मैसेज का इंतजार ना करें।
6. मेरिट में नाम आने के उपरांत अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।
7. प्रवेशार्थी प्रवेश फॉर्म पर सभी सूचनाएं सही-सही अंकित करे तथा सूचना से संबंधित उपयुक्त प्रमाण पत्र भी प्रवेश के समय जमा करने होंगे।विशेषत: विषय का चयन सावधानी से करें बाद में विषय परिवर्तन संभव नहीं होगा।
8. **रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय, अभ्यर्थी को अंक तालिका (Mark Sheet) पर प्रदर्शित सभी विषयों को शामिल करते हुए प्राप्तांक/ पूर्णांक लिखने हैं (Best of five का सिद्धांत लागू नहीं होगा)।**
9. यूपी बोर्ड आदि बोर्ड की अंक तालिका जिनमें प्राप्तांक तथा अधिकतम पूर्णांक अंकित होते हैं वहां अंकित प्राप्तांक ही मान्य हैं।

10. परीक्षा शुल्क (Exam Fee) यूनिवर्सिटी द्वारा ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म (Online Exam form) का आवेदन करते वक्त लिया जाएगा।

11. बीकॉम प्रथम वर्ष में आवेदन करने के लिए प्रवेशार्थी को इंटरमीडिएट में कॉमर्स विषय से उत्तीर्ण (Pass) होना आवश्यक है। नॉन स्ट्रीम (Non-Stream) अर्थात जिनके पास इंटरमीडिएट में कॉमर्स विषय नहीं है उन्हें बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश देने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

12. बीए (B.A.) व बीकॉम (B.Com.) में किसी भी नॉन स्ट्रीम (Non Stream) को प्रवेश हेतु मेरिट लिस्ट (Merit List) तैयार करते समय प्रतिवर्ष 5% अंकों की कटौती की जाएगी

13. बीएससी मैथ में केवल उन्हीं को प्रवेश दिया जाएगा जो प्रवेशार्थी इंटरमीडिएट में फिजिक्स, केमिस्ट्री ,मैथ (PCM) में उत्तीर्ण (Pass) है। जो प्रवेशार्थी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ में से किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण (Fail) है तो उन्हें बीएससी मैथ में प्रवेश देने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

14. बीएससी बायो वर्ग में उन्ही प्रवेशार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जो इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान, फिजिक्स, केमिस्ट्री (PCB) में उत्तीर्ण (Pass) है।

15. आपका नाम मेरिट लिस्ट में आना प्रवेश की गारंटी नहीं है आपका प्रवेश आपके सभी प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों की जांच होने के उपरांत ही सुनिश्चित माना जाएगा ।

16. अगर प्रवेशार्थी द्वारा अपलोड किए गए प्रमाण पत्रों तथा फार्म में अंकित सूचना में कोई विसंगति पाई जाती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। इस स्थिति में फीस वापसी के दावे पर कोई विचार नही किया जाएगा।

17. प्रवेशार्थी द्वारा दी गई ऑनलाइन सूचना एवं उससे संबंधित प्रस्तुत प्रमाण पत्रों में यदि कोई विसंगति पाई जाती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। इसके लिए समस्त उत्तरदायित्व प्रवेशार्थी का होगा।

****